Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स झारखंड

## अक्टूबर 2022

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**झारखंड** 3

- राँची में होगी जी-20 देशों की बैठक 3
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड बना सेकेंड टॉपर 3
- खाद्य आपूर्ति विभाग वाहनों पर लगाएगा जीपीएस सिस्टम 4
- अंडर-17 फीफा विश्व कप फुटबॉल में झारखंड की अष्टम उरांव करेगी कप्तानी 4
- शुभांशी की फिल्म 'नाटोक' बुसान फिल्म फेस्टिवल में बनी विजेता, इंडो-फ्रेंच फेस्टिवल में भी हुआ चयन 5
- पलामू में होगा इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन 5
- झारखंड का पहला कन्वेंशन सेंटर दुमका में बनकर तैयार 6
- झारखंड की अस्मिता दोरजी ने दुनिया के आठवें सबसे ऊँचे पर्वत 'मनास्लु' को किया फतह 6
- अंडर-17 भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव के नाम से गुमला के गोर्राटोली गाँव में बनेगा स्टेडियम 7
- धनबाद शहर की हवा शुद्ध करने के लिये नगर निगम करेगा 187 करोड़ रुपए खर्च 7
- तीसरा झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव 8
- 23वीं सीनियर राज्य महिला व पुरुष कुश्ती चैंपियनशिप संपन्न 8
- तीसरा झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल संपन्न 9
- झारखंड इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी, 2022 9
- तीसरा झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल संपन्न 10
- झारखंड को पीएम आवास योजना के तहत तीन श्रेणियों में किया गया पुरस्कृत 10
- झारखंड इथेनॉल प्रोडक्शन प्रोमोशन नीति-2022 को मिली स्वीकृति 11
- अष्टम उरांव बनी किशोरी समृद्धि योजना की ब्रांड एंबेसडर 11
- सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत अभियान की शुरुआत 12
- खूंटी के हॉकी टर्फ मैदान को मिला एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट 12
- ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक की कोर टीम में झारखंड के प्रज्वल पांडेय 13
- झारखंड के डॉ. श्रीकांत पाल ने बनाया सबसे छोटा एंटीना 13
- झारखंड के 22 ज़िलों के 226 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित 14


**नोट :**

# झारखंड

## राँची में होगी जी-20 देशों की बैठक

### चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2022 को देश के जी-20 के निदेशक (मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स) सहित दो सदस्यीय टीम ने राँची पुलिस मुख्यालय में झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा के साथ बातचीत करते हुए अगले जी-20 देशों की बैठक राज्य के राँची शहर में होने की जानकारी दी।

### प्रमुख बिंदु

- झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा ने बताया कि जी-20 (दुनिया के विकासशील व विकसित देशों का संगठन) की बैठक 16-17 फरवरी और 16-17 मार्च, 2023 को राँची में होगी।
- बैठक का स्थल राँची का कोल इंडिया कॉन्फ्रेंस हॉल होगा। इसमें जी-20 देशों के करीब 540 प्रतिनिधि भाग लेंगे।
- विदित है कि वर्तमान में इंडोनेशिया में जी-20 की बैठक चल रही है। भारत में दिसंबर 2022 से जी-20 की बैठक करीब 50 शहरों में होनी है।
- ऐसा पहला मौका है, जब झारखंड में इस तरह की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में जी-20 देशों में भारत के अलावा चीन, जर्मनी, फ्रांस, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल होंगे।
- राँची में दोदिवसीय बैठक के दौरान जी-20 देशों के प्रतिनिधियों को उनके सुरक्षा ग्रेड के अनुसार यहाँ पर सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जैसे- अगर किसी को ज़ेड या ज़ेड प्लस स्तर की सुरक्षा पहले से मिली हुई है, तो उसे यहाँ पर भी उसी के अनुरूप सुरक्षा दी जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पूरी तरह से छावनी में तब्दील रहेगा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड बना सेकेंड टॉपर

### चर्चा में क्यों?

30 सितंबर, 2022 को नई दिल्ली स्थित तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को 100 शहरी निकायों वाले राज्यों में देश के सेकेंड टॉपर राज्य का सम्मान प्रदान किया।

### प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार ने सम्मान प्राप्त किया।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में झारखंड को सेकेंड टॉपर अवार्ड के साथ कुछ अन्य शहरों को भी विभिन्न कैटेगरी में सम्मानित किया गया है, जो इस प्रकार हैं-
- पूर्वी ज़ोन के 50000 से 100000 आबादी वाले नगर निकायों में चाईबासा को बेस्ट सिटीजन फीडबैक के लिये सम्मानित किया गया।
- पूर्वी ज़ोन के 15000 से 25000 आबादी वाले नगर निकायों में बुंडू को बेस्ट सिटीजन फीडबैक के लिये सम्मानित किया गया।
- केंद्र सरकार द्वारा देशभर के शहरों में 17 सितंबर, 2022 को कराई गई इंडियन स्वच्छता लीग में भी झारखंड के तीन नगर निकायों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्यमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो और मेदनीनगर को इंडियन स्वच्छता लीग में बेहतर प्रदर्शन के लिये सम्मानित किया।

नोट :

- गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2016 में झारखंड की स्थिति बहुत प्रशंसनीय नहीं थी पर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण 2017, 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 में राज्य की जनता के सहयोग और शहरी निकायों तथा राज्य सरकार के कुशल मार्गदर्शन में राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त किये हैं।
- स्वच्छ सर्वेक्षण में झारखंड सरकार और उसके निकायों ने अब तक कई पुरस्कार जीते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में विभाग और निकायों ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए थे-
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से पहले सभी निकायों में बैठक,कार्यशाला और कैंपेन आयोजित किये गए।
- समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- शहरों और निकायों में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित कराया गया।
- सेग्रिगेशन एंड प्रोसेसिंग ऑफ वेस्ट को प्राथमिकता दी गई।
- पीट कंपोस्टिंग एंड ऑनसाइट कंपोस्टिंग के लिये नगर निकायों और नागरिकों को प्रोत्साहित किया गया।
- रीसाइकलिंग करने वालों को नगर निकायों के साथ जोड़ा गया।
- प्लास्टिक से बने कैरी बैग को बैन किया गया और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाई गई।
- स्वच्छता ऐप के माध्यम से सफाई से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निदान किया गया।

## खाद्य आपूर्ति विभाग वाहनों पर लगाएगा जीपीएस सिस्टम

### चर्चा में क्यों?

3 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में राशन वितरण में हो रही गड़बड़ी पर नज़र रखने के लिये राज्य सरकार द्वारा गोदामों और अन्य केंद्रों से खाद्यान्न उठाने वाले वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से निगरानी की जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पीडीएस दुकानदारों और लाभार्थियों को कम खाद्यान्न मिल रहा है, इसकी शिकायत के बाद राज्य सरकार द्वारा यह नई व्यवस्था लागू की जा रही है।
- उन्होंने बताया कि राशन ले जाने वाले वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम होगा। इसके लिये राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड में कमान एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके ज़रिये सरकार इन वाहनों की आवा-जाही पर नज़र रखेगी।
- राज्य सरकार की ओर से जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग सिस्टम और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने के लिये टेंडर जारी कर दिया गया है।
- उन्होंने बताया कि राज्य में कुल प्राथमिकता वाले घरेलू राशन कार्ड (पीएचएच) 5112307 हैं, जिसमें परिवार के कुल सदस्य 22906422 हैं; राज्य में अंत्योदय राशन कार्डधारक 896614 हैं, अंत्योदय राशन कार्डधारक के परिवार में कुल सदस्य 3519024 हैं; सफेद राशन कार्डधारक 372792 हैं, सफेद राशन कार्डधारक के परिवार में सदस्य 1404506 हैं तथा राज्य में ग्रीन राशन कार्डधारक 461292 हैं और ग्रीन राशन कार्डधारक के परिवार में कुल सदस्य 1478083 हैं।

## अंडर-17 फीफा विश्व कप फुटबॉल में झारखंड की अष्टम उरांव करेगी कप्तानी

### चर्चा में क्यों?

5 अक्टूबर, 2022 को फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 के लिये घोषित भारतीय महिला फुटबॉल टीम में झारखंड के गुमला ज़िले की रहने वाली अष्टम उरांव को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- विश्व कप के लिये घोषित भारत की 21 सदस्यीय टीम में अष्टम उरांव सहित झारखंड की 6 खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें नीतू लिंडा, अंजलि मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी और सुधा अंकिता टिर्की शामिल हैं।
- गौरतलब है कि भुवनेश्वर, मडगांव (गोवा) और नवी मुंबई में आगामी 11 अक्टूबर से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 (FIFA U-17 Women's World Cup 2022) का आयोजन किया जाएगा।
- अष्टम उरांव झारखंड के गुमला ज़िला अंतर्गत एक छोटे से गाँव बनारी गोराटोली की रहने वाली है। बीते मार्च महीने में अष्टम उरांव का चयन भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम में हुआ था, फिर उसे अंडर-17 के नेशनल कैंप में चुना गया था। बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत चयनकर्त्ताओं ने उसे टीम कैप्टन की भूमिका सौंपी है।
- विदित है कि यह पहली बार है जब अंडर-17 महिला फुटबॉल की भारतीय टीम में झारखंड की 6 खिलाड़ियों को एक साथ चुना गया है।

## शुभांशी की फिल्म 'नाटोक' बुसान फिल्म फेस्टिवल में बनी विजेता, इंडो-फ्रेंच फेस्टिवल में भी हुआ चयन

### चर्चा में क्यों?

7 अक्टूबर, 2022 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार साउथ कोरिया में आयोजित बुसान न्यू वेब शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2022 में रामगढ़ ज़िला के अंतर्गत रजरप्पा की 15 वर्षीय शुभांशी चक्रवर्ती द्वारा निर्देशित फिल्म 'नाटोक' विजेता बनी है। वहीं, इंडो-फ्रेंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी इसका चयन हुआ है।

### प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार, फिल्म 'नाटोक'को शुभांशी द्वारा निर्देशित किया गया है, जबकि कैमरा और संपादन का कार्य पार्थ भट्टाचार्य एवं फिल्म का निर्माण एवं लेखन शुभांशी के पिता शुभाशीष चक्रवर्ती द्वारा किया गया है।
- फिल्म 'नाटोक' का हिन्दी अर्थ 'नाटक' है। 4 मिनट 35 सेकेंड का यह फिल्म छऊ नर्तकों पर आधारित है।
- शुभांशी चक्रवर्ती हीरानंदानी फाउंडेशन स्कूल (एच. एफ. एस), मुंबई में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत् हैं।
- विदित है कि शुभाशीष चक्रवर्ती पिछले दस वर्षों से अपने वेतन की राशि से भारत में वंचित समुदायों की मदद कर रहे हैं और उन्हें बदलने के लिये कार्य कर रहे हैं। वे सोनाहातू प्रखंड के पंडाडीह गाँव को गोद लिये हुए हैं। इस गाँव के बच्चों को छऊ नृत्य सिखा रहे हैं। वहीं गाँव में पुस्तकालय, औषधीय पौधशाला का निर्माण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में कार्य कर रहे हैं।
- शुभाशीष चक्रवर्ती एक वैश्विक समूह में एक वरिष्ठ अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। वे सामाजिक वैज्ञानिक हैं। वे आदिवासी मामलों के विशेषज्ञ, टेडएक्स स्पीकर, कवि और लघु कथाकार भी हैं।

## पलामू में होगा इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन

### चर्चा में क्यों?

9 अक्टूबर, 2022 को भारतीय जन-नाट्य संघ (Indian People's Theater Association- IPTA) की झारखंड इकाई के राज्य परिषद की श्यामल मल्लिक की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गए निर्णयानुसार इप्टा का 15वाँ राष्ट्रीय महाधिवेशन राज्य के पलामू ज़िले के अंतर्गत मेदिनीनगर (डाल्टनगंज) शहर में आयोजित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- इस महाधिवेशन के प्रचार-प्रसार के लिये आठ सदस्यीय तदर्थ कमेटी बनाई गई है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि दिसंबर 2022 तक राज्य की सभी शाखाएँ सम्मेलन कर राष्ट्रीय महाधिवेशन के प्रतिनिधियों का चयन करें।

नोट :

- बैठक में कहा गया कि राष्ट्रीय महाधिवेशन के सफल आयोजन को लेकर सबकी भूमिका महत्त्वपूर्ण है तथा सभी शाखाएँ अपने-अपने क्षेत्र में सम्मेलन कर राष्ट्रीय महाधिवेशन के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाएँ।

## झारखंड का पहला कन्वेंशन सेंटर दुमका में बनकर तैयार

### चर्चा में क्यों?

9 अक्टूबर, 2022 को झारखंड की उपराजधानी दुमका में सांस्कृतिक कार्यक्रम, बड़े सेमिनार, वर्कशॉप, ट्रेनिंग और परिचर्चा जैसे कार्यक्रम के लिये राज्य का पहला भव्य कन्वेंशन सेंटर (Convention Center) बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- दो खंडों में बने इस कन्वेंशन सेंटर के एक हिस्से में 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला ऑडिटोरियम बना है। इसमें अगली तीन पंक्तियों में बेहद ही आरामदायक सोफेनुमा चेयर लगाये गई हैं, जबकि उसके पीछे लगभग दस पंक्तियों में कंफर्टेबल चेयर लगवाई गई हैं।
- इस ऑडिटोरियम में बेहतरीन क्वालिटी का ऑडियो-विजुअल सिस्टम लगाया गया है, ताकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद पूरी दर्शकदीर्घा ले सके और कार्यक्रम में किसी तरह का व्यवधान न हो। मंच को खूबसूरत बनाने के लिये उसपर बड़े आकार की स्क्रीन भी लगवाई गई है।
- दूसरे हिस्से को मल्टीपर्पज हॉल का रूप दिया गया है, जिसमें दो-दो बैडमिंटन कोर्ट भी बनाए गए हैं। इस बैडमिंटन कोर्ट में ब्लू कलर की सिंथेटिक फ्लोरिंग सीट लगाई गई है, जिसमें बैडमिंटन के मुकाबले की राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मानक की प्रतियोगिताएँ आयोजित हो सकेंगी। वहीं इस मल्टीपर्पज हॉल का उपयोग अन्य किसी भी तरह के आयोजन में किया जा सकता है, जिसमें एक हज़ार लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सकती है।
- सुविधा के लिये रूफ टॉप सोलर सिस्टम 50 केवीए का लगाया गया है, ताकि बिजली पर निर्भरता न्यूनतम रहे। यहाँ उच्च क्षमता वाली डीजी भी स्थापित की गई है। कन्वेंशन सेंटर व मल्टीपर्पज हॉल, दोनों ही सेंट्रलाइज्ड एयरकंडिशंड हैं। इस तरह की सुविधाओं से सुसज्जित यह झारखंड का पहला कन्वेंशन सेंटर है।
- इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण उद्यान विभाग के एग्रो पार्क में हुआ है। इस एग्रो पार्क की दो एकड़ ज़मीन में बनकर तैयार हुए कन्वेंशन सेंटर के खाली पड़े हिस्से में हार्टिकल्चर का भी काम कराया गया है।
- विदित है कि इस कन्वेंशन सेंटर का निर्माण बीपी कंस्ट्रक्शन रांची ने रिकॉर्ड समय में किया है तथा आर्किटेक्ट कंपनी मॉस एंड वॉयड ने इसकी डिज़ाइन तैयार की है। इसके उद्घाटन होते ही दुमकावासियों को इनडोर स्टेडियम का एक विकल्प मिल जाएगा।

## झारखंड की अस्मिता दोरजी ने दुनिया के आठवें सबसे ऊँचे पर्वत 'मनास्लु' को किया फतह

### चर्चा में क्यों?

10 अक्टूबर, 2022 को झारखंड की अस्मिता दोरजी ने बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के नेपाल स्थित दुनिया के आठवें सबसे ऊँचे पर्वत 'मनास्लु'को फतह कर इतिहास रचा है।

### प्रमुख बिंदु

- नेपाल सरकार द्वारा मनास्लु समिट का आयोजन किया गया था, जिसमें अस्मिता दोरजी ने बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के 8163 मीटर ऊँचे पर्वत 'मनास्लु'को फतह किया है। अस्मिता दोरजी ने लगभग 26 दिन की कठिन चढ़ाई के बाद इस समिट को पूरा किया।
- अस्मिता दोरजी से मात्र चार घंटे पहले हिमाचल की बलजीत कौर ने बिना ऑक्सीजन के इस समिट को पूरा किया था।
- उल्लेखनीय है कि अस्मिता दोरजी झारखंड के जमशेदपुर के सोनारी कदमा लिंक रोड की रहने वाली हैं और वह वर्तमान में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) की सीनियर इंस्ट्रक्टर के पद पर कार्यरत् हैं।

- ज्ञातव्य है कि मनास्लु (जो कुतंग भी कहलाता है) पृथ्वी का आठवाँ सबसे ऊँचा पर्वत है। यह 8,163 मीटर ऊँचा पर्वत मध्योत्तर नेपाल के गोरखा ज़िले में स्थित है।
- विदित है कि अस्मिता इससे पहले माउंट एवरेस्ट जैसे अभियान पर बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के जा चुकी हैं, लेकिन वह एवरेस्ट समिट को पूरा नहीं कर सकी थीं। उन्होंने एवरेस्ट एक्सपीडिशन के दौरान 8749 मीटर तक की ऊँचाई को बिना ऑक्सीजन सप्लीमेंट के पूरा किया था।

## अंडर-17 भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव के नाम से गुमला के गोर्राटोली गाँव में बनेगा स्टेडियम

### चर्चा में क्यों ?

11 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के गुमला ज़िले की डीएसओ हेमलता बून ने बताया कि गुमला ज़िले के गोर्राटोली गाँव में फीफा वर्ल्ड कप अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव के नाम से स्टेडियम बनाया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि फीफा वर्ल्ड कप अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान अष्टम उराँव राज्य के गुमला ज़िले के गोर्राटोली गाँव की रहने वाली है।
- हेमलता बून ने बताया कि अष्टम उराँव का इंडिया टीम का हिस्सा बनने के बाद बनारी गोर्राटोली क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के लिये गाँव में नया स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके लिये स्टेडियम का डीपीआर भी तैयार हो गया है।
- उन्होंने कहा कि गोर्राटोली गाँव में अष्टम उराँव के नाम से पीसीसी सड़क का निर्माण किया गया है।

## धनबाद शहर की हवा शुद्ध करने के लिये नगर निगम करेगा 187 करोड़ रुपए खर्च

### चर्चा में क्यों ?

13 अक्टूबर, 2022 को केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम धनबाद ने शहर की हवा को शुद्ध करने के लिये केंद्र सरकार के निर्देश पर 187 करोड़ की कार्ययोजना तैयार की है।

### प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम में धनबाद शहर को भी शामिल किया है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम पाँच साल की योजना है, जिस पर प्रदूषण विभाग व आइएसएम आइआइटी सहायक की भूमिका में काम कर रहे हैं।
- पहले साल के लिये 77 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया है। इसके दूसरे फेज में 110 करोड़ रुपए की कार्य योजना तैयार की गई है, जिस पर नगर विकास विभाग से हरी झंडी मिलने के बाद काम शूरू हो जाएगा।
- धनबाद शहर की हवा में धूलकण की मात्रा अधिक है, जो स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। इसके लिये 50 करोड़ रुपए का वाटर स्प्रिंकलर, मैकेनिक स्वीपर मशीन, डेसलेगिंग मशीन खरीदी गई तथा 12 करोड़ रुपए का पेवर ब्लॉक बिछाया गया है। दो करोड़ रुपए का मोहलबनी व मटकुरिया शमशान घाट में विद्युत शवदाह गृह बनाया जा रहा है।
- धनबाद शहर की 10 जगहों पर 25 करोड़ रुपए का एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया जा रहा है।
- हवा को शुद्ध करने में असर सोशल इंपैक्ट एडवाइस एजेंसी सलाहकार की भूमिका निभाएगी। इसके लिये धनबाद नगर निगम व असर के बीच करार हुआ है।

## तीसरा झारखंड विज्ञान फिल्म महोत्सव

### चर्चा में क्यों ?

14 अक्टूबर, 2022 को बीएसएल के प्रभारी निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य सभागार में साइंस फॉर सोसाइटी (झारखंड) और बीएसएल के संयुक्त तत्वावधान में दोदिवसीय तीसरे झारखंड साइंस फिल्म महोत्सव का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फिल्म 'लाइफ ऑफ स्नेल' की स्क्रीनिंग के साथ हुई। उत्तरी छोटानागपुर पर केंद्रित इस फेस्टिवल में पद्मश्री सिमोन उराँव पर आधारित 'झरिया'और युवा फिल्मकार अनिरुद्ध उपाध्याय की शॉर्ट फिल्म 'कमीज'समेत कई अन्य फिल्मों का प्रदर्शन होगा।
- इस दोदिवसीय विज्ञान फिल्म महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के निर्देशकों द्वारा निर्देशित फिल्में, जैसे- ग्रीन, डीके, वाटर वारियर, एन इंजीनियर्ड ड्रीम, ब्रावो बनाना, अरुणाचल वर्चुअल आर्काइव, वादे, द ग्रेनिता स्टोरी, आउटकम साउंड्स फ्रॉम बुक्स एंड बैग्स, कमीज, कोरल वोमन तथा जादव मोलाई पायेंग जैसी फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।
- उल्लेखनीय है कि झारखंड के बोकारो और गिरिडीह में इस महोत्सव का आयोजन साइंस फॉर सोसाइटी, बोकारो यूनिट और शिक्षा विभाग, सेल, बोकारो स्टील प्लांट के सहयोग से किया जा रहा है, जहाँ दो दिनों में 15 से अधिक फिल्में दिखाई जाएंगी।
- इन फिल्मों में डाक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म, एनीमेशन शामिल हैं। इस दौरान झारखंड के अलावा प. बंगाल, केरल, उत्तर-पूर्वी भारत, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना, लद्दाख आदि राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की फिल्में दिखाई जाएंगी।

## 23वीं सीनियर राज्य महिला व पुरुष कुश्ती चैंपियनशिप संपन्न

### चर्चा में क्यों ?

16 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के गोड्डा ज़िले के गांधी मैदान में तीनदिवसीय 23वीं सीनियर राज्य महिला व पुरुष कुश्ती चैंपियनशिप संपन्न हो गई।

### प्रमुख बिंदु

- 23वीं सीनियर राज्य महिला व पुरुष कुश्ती चैंपियनशिप में राज्यभर के 22 ज़िलों से आए करीब 300 पुरुष तथा 100 महिला पहलवानों के साथ पचास से अधिक रेफरी शामिल हुए थे।
- खेल के दौरान ओवरऑल चैंपियनशिप में फ्री स्टाइल में सर्वाधिक 100 अंक के साथ साहिबगंज ज़िला पहले स्थान पर रहा। 90 अंक के साथ बोकारो दूसरे स्थान पर तथा 65 अंक के साथ राँची तीसरे स्थान पर रहा।
- इस चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन में 140 अंक के साथ जेएसएसपीएस पहले स्थान पर, 120 अंक के साथ राँची दूसरे स्थान पर तथा 80 अंक के साथ बोकारो तीसरे स्थान पर रहा। वीमेन रेसलिंग में सर्वाधिक 130 अंक लेकर राँची ज़िला पहले स्थान पर, 95 अंक प्राप्त कर जेएसएसपीएस दूसरे स्थान पर तथा 55 अंकों के साथ दुमका तीसरे स्थान पर रहा।
- 23वीं सीनियर राज्य महिला व पुरुष कुश्ती चैंपियनशिप में 43 किग्रा. में पहले स्थान पर जेएसएसपीएस राँची की रिचा, दूसरे स्थान पर लोहरदगा की साक्षी कुमारी तथा दुमका की अस्मत खातून रहीं। 46 किग्रा. में पहले स्थान पर जेएसएसपीएस राँची की चंचला कुमारी, दूसरे स्थान पर कोडरमा की नंदनी कुमारी, तीसरे स्थान पर सरायकेला की चंदना सिंह तथा चौथे स्थान पर सीता कुमारी रहीं। 50 किग्रा. में राँची की मधु तिर्की, जेएसएसपीएस की निक्की कुमारी को दूसरा व कुमारी विंदुमति को तीसरा स्थान मिला।
- डीसी सह प्रदेश कुश्ती संघ अध्यक्ष जिशान कमर ने मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर इन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

नोट :

## तीसरा झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल संपन्न

### चर्चा में क्यों?

18 अक्टूबर, 2022 को झारखंड राज्य के 'तीसरे झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल' के दूसरे चरण का राज्य के गिरिडीह ज़िले के सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल, में समापन हो गया।

### प्रमुख बिंदु

- झारखंड साइंस फॉर सोसाइटी के महासचिव डीएनएस आनंद ने बताया कि गिरिडीह में 17 और 18 अक्टूबर, 2022 को फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हुआ है, जिसमें कोडरमा और गिरिडीह ज़िलों में अभ्रक के अवैध खनन पर आधारित फिल्म 'द अगली साइड ऑफ ब्यूटी' का भी प्रदर्शन हुआ।
- इस फिल्म में माइका और ढिबरा चुनने की व्यथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से दर्शाया गया है। इसमें ढिबरा चुनकर जीवनयापन और शिक्षा ग्रहण की परिस्थितियों को दिखाकर छात्राओं को प्रेरित किया गया। 48 मिनट की यह फिल्म अभ्रक खनन और सौंदर्य प्रसाधन उद्योग पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म के फिल्मकार दीपक बारा हैं।
- इसके अलावा झारखंड के फिल्मकार प्रकाश की फिल्म 'The Fire Within' का भी प्रदर्शन हुआ। इसमें झारखंड के कोयला खनन क्षेत्र की दर्दनाक तस्वीर बयाँ की गई है, जिसमें यह दर्शाया गया है कि भ्रष्टाचार, माफिया की ताकत से विस्थापन का दंश झेल रहे आदिवासी समुदाय की अस्मिता भी अब खतरे में है।
- विदित है कि 14 अक्टूबर को बोकारो में तीसरे झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल का आगाज़ हुआ था, जिसमें डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म और एनीमेशन आधारित फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। इसमें बीजू टोप्पो द्वारा निर्देशित पद्मश्री सिमोन उराँव के पर्यावरण और जल संरक्षण पर आधारित फिल्म 'झरिया' की भी स्क्रीनिंग हुई। इसके अलावा फिल्म 'My Life as a Snail', फिल्म 'Green', शॉर्ट फिल्म 'Decay', फिल्म 'An Engineered Dream', फिल्म 'Coral Woman'] शॉर्ट फिल्म 'कमीज', फिल्म 'Damodar's sorrow' और फिल्म 'The Ganita Story' का भी प्रदर्शन हुआ।
- ज्ञातव्य है कि झारखंड के विभिन्न भागों में अब तक दो साइंस फिल्म फेस्टिवल का सफल आयोजन हो चुका।

## झारखंड इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी, 2022

### चर्चा में क्यों?

19 अक्टूबर, 2022 को झारखंड में उद्योग विभाग ने झारखंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (इवी) पॉलिसी, 2022 लागू करते हुए इसकी गजट अधिसूचना जारी की।

### प्रमुख बिंदु

- झारखंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (इवी) पॉलिसी, 2022 के तहत राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदारी पर अनुदान देने की घोषणा भी की है। इसके तहत राज्य में अब नई इलेक्ट्रिक कार खरीदने पर 1.50 लाख रुपए तक का अनुदान मिलेगा तथा इवी स्कूटी या दोपहिया वाहन पर 10 हज़ार रुपए, ऑटो खरीदने पर 30 हज़ार और ई-बस खरीदने पर 20 लाख रुपए तक का अनुदान मिलेगा।
- इवी पॉलिसी, 2022 के अंतर्गत रोड टैक्स में भी छूट का प्रावधान किया गया है। राज्य के अंदर ही उत्पादन करनेवाले उद्योगों से इवी के पहले 10 हज़ार खरीदार को 100 प्रतिशत, 10 से 15 हज़ार खरीदार को 75 प्रतिशत और इसके बाद को 25% की छूट दी जायेगी।
- राज्य सरकार ने बताया कि इस नीति को लागू करने का उद्देश्य झारखंड को इवी हब तथा पूर्वी भारत में झारखंड को इवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का सबसे पसंदीदा राज्य बनाना है।
- इस नीति के तहत झारखंड में 2027 तक एडवांस केमेस्ट्री सेल बैट्रीज के उत्पादन की योजना है, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्र में हर तीन किमी. पर अथवा हर 10 लाख की आबादी पर 50 चार्जिंग स्टेशन खोले जाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग में हर 25 किमी. पर चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की जाएगी।

नोट :

- इवी चार्जिंग स्टेशन खोलने पर 50 से 60% सब्सिडी का प्रावधान किया गया है तथा राज्य में इवी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने पर दो करोड़ से लेकर 30 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी दी जाएगी।
- राज्य सरकार ने यह प्रावधान किया है कि राज्य सरकार के कर्मी यदि टू व्हीलर या फोर व्हीलर इवी खरीदते हैं, तो उन्हें 100 प्रतिशत इंट्रेस्ट सब्सिडी दी जाएगी और सरकारी कार्यालयों में भी कार्यालय इस्तेमाल के लिये इवी के ही इस्तेमाल पर ज़ोर दिया गया है।

## तीसरा झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल संपन्न

### चर्चा में क्यों ?

18 अक्टूबर, 2022 को झारखंड राज्य के 14 अक्टूबर-18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'तीसरे झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल'के दूसरे चरण का राज्य के गिरिडीह ज़िले के सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल, में समापन हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- झारखंड साइंस फॉर सोसाइटी के महासचिव डीएनएस आनंद ने बताया कि गिरिडीह में 17 और 18 अक्टूबर, 2022 को फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हुआ, जिसमें कोडरमा और गिरिडीह ज़िलों में अभ्रक के अवैध खनन पर आधारित फिल्म 'द अगली साइड ऑफ ब्यूटी' का भी प्रदर्शन हुआ। इस फिल्म में माइका और ढिबरा चुनने की व्यथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से दर्शाया गया। इसमें ढ़िबरा चुनकर जीवनयापन और शिक्षा ग्रहण की परिस्थितियों को दिखाकर छात्राओं को प्रेरित किया गया। 48 मिनट की यह फिल्म अभ्रक खनन और सौंदर्य प्रसाधन उद्योग पर आधारित है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म के फिल्मकार दीपक बारा हैं।
- इसके अलावा झारखंड के फिल्मकार प्रकाश की फिल्म 'The Fire Within' का भी प्रदर्शन हुआ। इसमें झारखंड के कोयला खनन क्षेत्र की दर्दनाक तस्वीर बयाँ की गई है, जिसमें यह दर्शाया गया है कि भ्रष्टाचार, माफिया की ताकत से विस्थापन का दंश झेल रहे आदिवासी समुदाय की अस्मिता भी अब खतरे में है।
- विदित है कि 14 अक्टूबर को बोकारो में तीसरे झारखंड साइंस फिल्म फेस्टिवल का आगाज़ हुआ था, जिसमें डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म और एनीमेशन आधारित फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। इसमें बीजू टोप्पो द्वारा निर्देशित पद्मश्री सिमोन उराँव के पर्यावरण और जल संरक्षण पर आधारित फिल्म 'झरिया'की भी स्क्रीनिंग हुई। इसके अलावा फिल्म 'My Life as a Snail', फिल्म 'Green', शॉर्ट फिल्म 'Decay', फिल्म 'An Engineered Dream', फिल्म 'Coral Woman'] शॉर्ट फिल्म 'कमीज', फिल्म 'Damodar's sorrow' और फिल्म 'The Ganita Story' का भी प्रदर्शन हुआ।
- महासचिव डीएनएस आनंद ने कहा कि साइंस फॉर सोसायटी झारखंड में विज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने एवं लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास एवं विस्तार के लिये जन-संवाद एवं जन विज्ञान अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने में लगी है। इसमें अन्य विज्ञान गतिविधियों के साथ ही विज्ञान फिल्म महोत्सव को भी विज्ञान संचार के एक सशक्त एवं प्रभावशाली माध्यम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि झारखंड के विभिन्न भागों में इससे पहले दो साइंस फिल्म फेस्टिवल का सफल आयोजन हो चुका है।

## झारखंड को पीएम आवास योजना के तहत तीन श्रेणियों में किया गया पुरस्कृत

### चर्चा में क्यों ?

20 अक्टूबर, 2022 को गुजरात के राजकोट में आयोजित हुए 'इंडिया अर्बन हाउसिंग कॉनक्लेव 2022' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से झारखंड राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने झारखंड को महिला सशक्तीकरण में उल्लेखनीय पहल, कुष्ठ प्रभावित रोगियों के लिये बेहतर आवासीय परियोजना और योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के लिये पुरस्कार प्रदान किया।
- इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के विभिन्न घटकों के तहत राज्य को महिला सशक्तीकरण पहल के अंतर्गत योजना में हज़ारों महिलाओं को घर का स्वामित्व देने, रानी मिस्त्री व निर्माण क्षेत्र में महिलाओं को कार्य का अवसर प्रदान करने के लिये पुरस्कृत किया गया है।

नोट :

- समुदाय उन्मुख परियोजना के तहत कुष्ठ रोग से प्रभावितों के लिये बेहतर आवासीय परियोजना उपलब्ध कराने व योजना के प्रभावी प्रचार-प्रसार के लिये राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।
- झारखंड की ओर से राज्य के नगरीय प्रशासन निदेशक आदित्य कुमार आनंद, सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी, पीएम आवास योजना (शहरी) के स्टेट टीम लीडर राजन कुमार एवं सीएलटीसी दीपक कुमार ने सम्मान प्राप्त किया।

## झारखंड इथेनॉल प्रोडक्शन प्रोमोशन नीति-2022 को मिली स्वीकृति

### चर्चा में क्यों ?

21 अक्टूबर, 2022 को झारखंड में इथेनॉल के उत्पादन को लेकर बनी नीति को राज्य कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई।

### प्रमुख बिंदु

- इथेनॉल प्रोडक्शन प्रोमोशन नीति-2022 के अंतर्गत झारखंड में इससे संबंधित फैक्ट्री खोलने पर निवेशक को कुल निवेश के हिसाब से 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम 30 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी दिये जाने का प्रावधान किया गया है।
- इसके अलावा नई एमएसएमई इकाइयों को कुल ऋण राशि के हिसाब से छह प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से इंटरेस्ट सब्सिडी दी जाएगी। यह राशि अधिकतम तीन करोड़ रुपए तक होगी।
- इथेनॉल प्रोडक्शन प्रोमोशन नीति के साथ ही राज्य कैबिनेट ने कुल 25 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है, जिनमें से एक राज्य सरकार ने पूर्व में जारी विभागीय राज्यादेश को रद्द करते हुए राँची के कांके में रिनपास के नाम से अर्जित भूमि को 82 करोड़ रुपए में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निर्माण कराने के लिये सीसीएल को ज़मीन देने का निर्णय लिया। इस ज़मीन के लिये 30 वर्षों में नवीकरण विकल्प के साथ लीज़ बंदोबस्ती करने की स्वीकृति दी गई है।

## अष्टम उरांव बनी किशोरी समृद्धि योजना की ब्रांड एंबेसडर

### चर्चा में क्यों ?

23 अक्तूबर, 2022 को गुमला ज़िला प्रशासन ने अंडर-17 भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान और गुमला की बेटी अष्टम उरांव को 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' का ब्रांड एंबेसडर बनाया है साथ ही फुटबॉलर सुधा अंकिता तिर्की को भी ज़िला प्रशासन ने सम्मानित किया।

### प्रमुख बिंदु

- भारतीय फुटबॉल अंडर-17 टीम की कप्तान अष्टम उरांव एवं खिलाड़ी सुधा अंकिता तिर्की के गुमला आगमन के उपरांत उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया।
- गुमला डीसी सुशांत गौरव ने कहा कि किशोरी समृद्धि योजना के बेहतर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता के लिये अष्टम उरांव को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।
- ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर अष्टम उरांव ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि किशोरी समृद्धि योजना का बेहतर प्रचार-प्रसार कर सकें जिससे इस योजना का लाभ गुमला ज़िले की किशोरियों को मिल सके।
- विदित है कि गुमला ज़िला से 60 किमी. दूर स्थित बिशुनपुर प्रखंड के बनारी गोर्राटोली गाँव की अष्टम उरांव फीफा अंडर-17 वर्ल्ड कप में बालिका महिला फुटबॉल टीम की कप्तान हैं।
- गौरतलब है कि झारखंड की हेमंत सरकार ने बालिका शिक्षा पर ज़ोर, बाल विवाह का अंत और महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य को लेकर राज्य में 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना'की शुरुआत की है। इस योजना के तहत किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने के लिये सक्षम बनाना है।

नोट :

- 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' के तहत राज्य सरकार किशोरियों को अच्छी शिक्षा के लिये 40 हज़ार रुपए की सहायता राशि दे रही है। इसके तहत कक्षा आठवीं में छात्राओं को 2500 रुपए, कक्षा नौवीं में 2500 रुपए, कक्षा 10वीं में 5000 रुपए, कक्षा 11वीं और 12वीं में 5000-5000 रुपए और 18 से 19 साल होने पर किशोरियों को एकमुश्त 20 हज़ार रुपए दिये जाएंगे। इस तरह से कुल 40 हज़ार रुपए किशोरियों को मिलेंगे।

## सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत अभियान की शुरुआत

### चर्चा में क्यों?

24 अक्तूबर, 2022 को झारखंड के हज़ारीबाग ज़िले में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के उद्देश्य से हज़ारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने ज़िले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायतों एवं अन्य संस्थाओं में बाल विवाह मुक्त सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भारत अभियान की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने के लिये यह अभियान कारगर साबित होगा।
- ज़िला प्रशासन ने सभी मुखियाओं और जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने, बाल विवाह को कैसे रोका जाए और बाल विवाह के बाद कानूनी परिणाम क्या होते हैं, इसके प्रति जानकारी देने के लिये कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।
- उपायुक्त नैंसी सहाय के अनुसार जो जनप्रतिनिधि बाल विवाह को रोकने में अपना कर्त्तव्य ईमानदारी से निभाएंगे, उनका आगामी 26 जनवरी को ज़िला प्रशासन द्वारा सम्मान किया जाएगा।

## खूंटी के हॉकी टर्फ मैदान को मिला एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट

### चर्चा में क्यों?

26 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के खूंटी के बिरसा कॉलेज में निर्मित हॉकी टर्फ मैदान को एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट प्राप्त हो गया है।

प्रमख बिंदु

- विदित है यह सर्टिफिकेट मैदान की सभी गुणवत्ता को परखने के बाद प्रदान किया जाता है, ताकि मैदान विभिन्न सुविधाएँ, खिलाड़ियों की सुरक्षा, उपलब्ध संसाधन और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच के आयोजन के मापदंडों में खरा उतर सके। इन बातों की पुष्टि होने के उपरांत ही एफआईएच फील्ड सर्टिफिकेट प्रदान करने की अनुमति दी जाती है।
- इस सर्टिफिकेट प्राप्ति के बाद अब ज़िला के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैदान में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को और निखार सकेंगे।
- इस मैदान पर बिछाए गए ब्लू एस्ट्रोटर्फ को वियतनाम से मंगाया गया है, जिसमें लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत आई है।
- इसमें मैदान, छात्रावास, गैलरी के अतिरिक्त चार हाई मास्क लईट लगाई गई हैं, जिनसे रात में भी मैच हो सकेंगे।
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में लगातार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत खिलाड़ियों का क्षमतावर्धन कर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम में खेलने के अनुकूल भी बनाया जा रहा है।
- इसके लिये विभिन्न ज़िलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी टर्फ मैदान के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। फिलहाल सिमडेगा, चाईबासा समेत अन्य ज़िलों में हॉकी टर्फ फील्ड का निर्माण कार्य प्रगति पर है।
- उल्लेखनीय है कि खूंटी से अभी तक जयपाल सिंह मुंडा, मनोहर टोपनो और निक्की प्रधान समेत देश को तीन ओलंपियन मिले हैं।

## ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक की कोर टीम में झारखंड के प्रज्वल पांडेय

### चर्चा में क्यों ?

25 अक्टूबर, 2022 को भारतीय मूल के पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक ने कार्यभार संभाल लिया। ऋषि सुनक ने अपनी कोर टीम की घोषणा की है, जिसमें झारखंड के सिंदरी (धनबाद) के रहने वाले प्रज्वल पांडेय भी शामिल किये गए हैं।

### प्रमुख बिंदु

- प्रज्वल पांडेय सिंदरी के रिटायर्ड पीडीआइएल कर्मी बागीश दत्त पांडेय के पौत्र हैं। प्रज्वल के माता-पिता राजेश पांडेय (सॉफ्टवेयर इंजीनियर) और मनीषा पांडेय सिंदरी में रहते थे।
- अगस्त, 2022 में ऋषि सुनक जब प्रधानमंत्री पद के लिये खड़े हुए थे, तब प्रज्वल को उनकी पार्टी की ओर से मुख्य अभियान टीम में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया था, तब प्रज्वल ने ऋषि सुनक की टीम में कई वरिष्ठ नीति- सलाहकारों के साथ काम किया।
- प्रज्वल पांडेय साल 2019 में मात्र 16 साल की उम्र में ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी में सदस्य के रूप में शामिल हुए थे।
- इससे पहले वे साल 2019 में यूके यूथ पार्लियामेंट के निर्वाचित सदस्य चुने गए तथा युवा संसद सदस्य के रूप में ब्रिटिश संसद में पहली बार भाषण दिया था।

## झारखंड के डॉ. श्रीकांत पाल ने बनाया सबसे छोटा एंटीना

### चर्चा में क्यों ?

26 अक्टूबर, 2022 को झारखंड में स्थित बीआइटी मेसरा राँची के डिपार्टमेंट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के प्रो. डॉ. श्रीकांत पाल के 'अल्ट्रा वाइडबैंड एंटीना'को भारत सरकार से स्वीकृति मिल गई है तथा इसके लिये उन्हें भारत सरकार की ओर से पेटेंट सर्टिफिकेट भी भेज दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- एंटीना का प्रोटोटाइप 9 जुलाई, 2013 को फाइल किया गया था और इसे मान्यता मिलने में आठ वर्ष लग गए। यह एंटीना संचार माध्यम के लिये बने देश के अब तक के सबसे छोटे एंटीना के रूप में विकसित है।
- डॉ. श्रीकांत ने बताया कि इस एंटीने का आकार 14 गुणा 11 एमएम और बैंडविड्थ क्षमता 10:1 है तथा यह 'ट्विस्टेड हेलिकल वेब'थ्योरी पर काम करेगा। इससे निकलने वाली तरंगें खास दिशा, स्प्रिंग की तरह घुमावदार लहर (स्पाइरल वेब फ्रंट) एक जगह से दूसरी जगह तक तेज़ी से पहुँचाने में मददगार हैं और इससे चंद सेकेंड में हैवी डाटा को भेजना आसान होगा। इसके अलावा इसके प्रयोग से बफरिंग की समस्या खत्म हो जाएगी।
- उन्होंने बताया कि इस एंटीना की कॉमर्शियल वैल्यू है और इसकी विशेषता को देखते हुए सैमसंग ग्लोबल रिसर्च टीम, साउथ कोरिया के रिसर्च एंड डेवलपमेंट हेड ने इसे खरीदने की इच्छा व्यक्त की है। इसे तैयार करने में रिसर्च स्कॉलर मृणमय चक्रवर्ती ने सहयोग किया है।
- उन्होंने बताया कि यह एंटीना एक निश्चित क्षेत्र में लगे सैकड़ों एंटीना का काम अकेले करने में सक्षम है। इसे किसी कनेक्टिंग केबल की ज़रूरत नहीं तथा इसे सिविल कम्युनिकेशन, आर्मी डाटाबेस कम्युनिकेशन, सैटेलाइट डाटा ट्रांसमिशन में इस्तेमाल किया जा सकेगा।
- ज्ञातव्य है कि डॉ. श्रीकांत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई सफलता हासिल कर चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2009 में यूएस के वेस्ट वर्जिनिया में स्थापित ग्रीन बैंक टेलीस्कोप के बेहतर संचालन के लिये खास बैंडस्टॉप फिल्टर तैयार किया था, जिससे जीबीटी का ऑब्जरवेशन रेंज बढ़ गया, वहीं 2011 में मैनचेस्टर में स्थापित जॉडरेल बैंक टेलीस्कोप के लिये सुपर कंडक्टिंग डिवाइस तैयार करने में भी सफल रहे।

नोट :

# झारखंड के 22 ज़िलों के 226 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित

## चर्चा में क्यों ?

29 अक्टूबर, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में राज्य के कृषि विभाग की ग्राउंड ट्रूथिंग रिपोर्ट (ज़मीन आकलन) के आधार पर राज्य के 22 ज़िलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया।

### प्रमुख बिंदु

- आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में राज्य के 22 ज़िलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित करने के साथ ही सूखा प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 रुपए अग्रिम के रूप में देने का निर्णय लिया गया है।
- इस बैठक में मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार के इस फैसले से राज्य के करीब 30 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे तथा सूखाग्रस्त घोषित प्रखंडों के सभी प्रभावित किसान परिवारों को यह राशि शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखे से प्रभावित किसान परिवारों को तत्काल सूखा राहत राशि उपलब्ध कराने में राज्य सरकार लगभग 1200 करोड़ रुपए खर्च करेगी।
- बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद तय किया गया कि भारत सरकार से सहयोग के लिये अलग से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और कैबिनेट की बैठक में इस मामले पर सहमति बनाई जाएगी।
- गौरतलब है कि कृषि विभाग ने मुख्यमंत्री के आदेश के बाद राज्य के सभी ज़िलों में खरीफ में सूखे की स्थिति का आकलन कराया था, जिसमें 22 ज़िलों में 226 प्रखंडों में स्थिति खराब पाई गई। इन ज़िलों को सुखाड़ के सभी मानकों के अनुरूप पाया गया है।
- कृषि विभाग के वरीय अधिकारियों की टीम रिपोर्ट के आधार पर इन ज़िलों को सुखाड़ के लायक पाया गया और इसमें 154 प्रखंडों की स्थिति ज़्यादा खतरनाक बताई गई है। 72 प्रखंडों में आंशिक सूखे की स्थिति पाई गई है, जहाँ फसल 50 फीसदी से अधिक नुकसान होने की उम्मीद है, उसको गंभीर नुकसान वाली श्रेणी में रखा गया है।

नोट :